सार-समाचार

लाइन शिफ्ट करने जैसी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

झुंझुनूं। भारत की जनवादी नौजवान सभा के नेतृत्व में वार्ड नंबर 57 व 58 अंसारी (गफूर) कॉलोनी के लोगों ने बिजली विभाग के विरुद्ध जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। डीवाईएफआई के जिला महासचिव योगेश कटारिया ने बताया कि गुरूवार को वार्ड 57 व 58 अंसारी कॉलोनी (गफूर कॉलोनी) के लोगों ने डीवाईएफआई के नेतृत्व में ज्ञापन में बताया कि 14 जून 2025 को 13 साल का बच्चा वासिद बिजली विभाग की लापरवाही के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसको मुआवजा दिलाने व पूरी कॉलोनी से गुजर रही 33 हजार केवी की लाइन को बस्ती से बाहर शिफ्ट करवाने की मांग की। को लेकर बिजली विभाग के विरुद्ध कलेक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन प्रदर्शन किया तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों ने बताया कि पूरी कॉलोनी मे बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आतंक का माहौल है। वार्डवासियों में मांग की है कि 33 हजार केवी लाइन को जल्द से जल्द बस्ती में घरों के ऊपर से हटकर अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। वरना वार्डवासियों और शहरवासियों को साथ में लेकर बिजली विभाग का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में नौजवान सभा जिला महासचिव योगेश कटारिया, शाहिद सिंघानिया, जावेद क्यामसरिया, रहीश चनानिया, जुनैद कुरैशी, एसएफआई तहसील अध्यक्ष शोएब मलसीसरिया, तहसील महासचिव अमित शेखावत, हमीद, सफीक, वाशिद खोखर, आरिफ ढाढोतिया, नाइफ, यासिर सिलावट, शाहिद नयासर, अकील, अरमान, अंकुश, पंकज, प्रदीप इत्यादि मौजूद रहे।

150 मरीजों की मोतियाबिंद जांच व 51 लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयन

रतनगढ़। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 28वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन बुधवार को माहेश्वरी भवन में हुआ। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि नन्दलाल ओमप्रकाश झंवर की स्मृति में उनके परिवार जनों के आर्थिक सहयोग से शिविर में 150 मरीजों की मोतियाबिंद जांच कर 51 मरीजों का चयन नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया व शेष मरीजो को ट्रस्ट की तरफ से निःशुल्क दवाई दी गयी। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। शिविर शुरू होने से पूर्व भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे डॉ श्याम भवी, डॉ वेदप्रकाश पुरोहित, डॉ अरविंद शर्मा, डॉ विजयकुमार गोयल, डॉ राकेश गोड़, डॉ लालचंद सुथार, डॉ टी.डी. हर्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। आगुन्तक अतिथियों का स्वागत रामोतार चांडक ने किया। इस मौके पर राकेश जाजू, प्रदीप लढ़ा, योगेश लढ़ा, शोभित जाजू, नरेश पेड़ीवाल, नन्दकिशोर माटोलिया, पूर्णमल कम्मा, मुरलीधर मण्डगिरा, महावीर रामगढ़िया, महेंद्र पारीक, एड कमल सोनी, मांगीलाल स्वामी, रामोतार ठठेरा, विरेन्द्र रॉयल, कनक सोनी, ममता सोनी आदि ने अपनी सेवाएं दी।

वृक्षारोपण कर मनाया जन्मदिवस

पाटन । पंचायत समिति पाटन के प्रधान सुवालाल सैनी ने अपने 65वें जन्मदिवस को एक सराहनीय पहल के रूप में वृक्षारोपण कर मनाया। इस अवसर पर समिति परिसर में अनेक पौधे लगाए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य अधिकारी एवं सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से राजपाल यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सीकर,श्रीमती शशिबाला, विकास अधिकारी, पंचायत समिति पाटन, भागीरथ प्रसाद, अति. विकास अधिकारी, सिद्धार्थ, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, राधेश्याम मीणा, सहायक लेखाधिकारी, नत्थूराम मीणा, अति. विकास अधिकारी, जिला परिषद सीकर, इन्द्राज सिंह, अति. विकास अधिकारी, जिला परिषद सीकर, रामकरण, अ.वि. अधिकारी, जिला परिषद सीकर शंकरलाल, सहायक लेखाधिकारी, जिला परिषद सीकर,अमीचन्द यादव, इरफान खान, अभिषेक स्वामी, ज्ञानचन्द गुर्जर, राकेश (सरपंच हसामपुर), ओमप्रकाश,एवं महेश कुमार सैनी सहित पंचायत समिति पाटन के समस्त स्टाफ ने भी इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई

'सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली' का भव्य आयोजन

पाटन । कस्बे के राजकीय महाविद्यालय, पाटन में आज अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना एवं जिम्मेदारी का भाव जागृत करने हेतु विविध गतिविधियां आयोजित की गईं कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इसे जीवन एवं समाज के लिए घातक बताया। साथ ही उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आव्हान किया।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सेफ्टी क्लब के प्रभारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जीवनरक्षक हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक सिग्नल व अन्य सुरक्षा उपायों के महत्व को रेखांकित किया।रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा केंद्र की प्रभारी श्रीमती किरण यादव ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैंप में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. ओमपाल कालावत, डॉ. धर्मवीर कुमावत, तथा सहायक लेखा अधिकारी मधुकर वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के इस प्रयास की सराहना की।कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण रैली के साथ हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा के स्लोगन के साथ नगर में जनजागरूकता का संदेश दिया।

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया

झुंझुनूं। गुरूवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय अलसीसर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नाथूलाल ने उपस्थित छात्राओं को बताया कि यह दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक प्रयासों को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ वैश्विक एकता और सहयोग का प्रतीक है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नाथूलाल द्वारा सभी छात्राओं को शपथ दिलवाई गई तथा अपने समाज तथा गांव में लोगों को नशे की लत के खतरों के बारे में जागरूक करने तथा सभी को मिलकर एक नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में काम करने का आव्हान किया।

अमावस्या के पुण्यकाल में जरूरतमंदों को कराया भोजन

झुंझुनूं। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा श्यामसुंदर जालान के सौजन्य से माता-पिता स्वर्गीय त्रिलोकचंद जालान एवं भागीरथीदेवी जालान की स्मृति में अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद के पास जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. एसके भार्गव, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल, सुभाषचंद्र जोशी, सुमेरसिंह कर्णावत, रमेशचंद्र शर्मा, अकराज कुरैशी, बजरंगलाल अग्रवाल, प्रदीप कुमार शुक्ला, सीताराम सैनी, प्रमोदकुमार शर्मा, ओमप्रकाश ककरानिया, अकराज कुरैशी, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

शिविर आयोजित

पाटन। ग्राम पंचायत पाटन एवं ग्राम पंचायत धांधेला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। शिविर में प्रशासनिक एवं विभागीय स्तर पर सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्व, पंचायत राज, चिकित्सा, पशुपालन, ऊर्जा, जल संसाधन, कृषि विभाग सहित 16 विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।पखवाड़े के अंतर्गत आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी, लाभ दिलवाने एवं विभागीय सेवाओं को सीधे गांव स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

विधायक राजेंद्र भांबू ने तीन गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का किया शिलान्यास

झुंझुनूं। विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के हमीरवास लांबा, देसूसर और खुड़ौत गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का शिलान्यास किया। इन केंद्रों का निर्माण प्रत्येक पर 55 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक भांबू ने कहा कि राज्य सरकार गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है।

■ **हमीरवास लांबा, देसूसर व खुड़ौत को मिलेगा सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचा**

विधायक भांबू ने बताया कि इन नए भवनों से ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उन्हें बड़े अस्पतालों की ओर बार-बार रुख नहीं करना पड़ेगा।

विधायक राजेंद्र भांबू ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के हमीरवास लांबा, देसूसर और खुड़ौत गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का शिलान्यास किया।

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, देसूसर के पूर्व सरपंच अनार देवी, हवासिंह भैड़ा, सुरेंद्र पूर्व प्रधानाचार्य, राजेंद्र खटकड़, सचिन, अमित, मिथिलेश, चंचल मेव, हमीरवास लांबा के सुरेंद्र, मानसिंह लांबा, कासिमपुरा सरपंच सुमन दिनेश फोगाट, लांबा सरपंच भरतसिंह ठेकेदार, प्रताप लाम्बा, विद्याधर सिंह लांबा, जयसिंह, किशन कुमार शर्मा, बजरंगलाल महला, जितेन्द्र योगी, ओमप्रकाश योगी, महेंद्र सिंह योगी, खुड़ौत के सुरेन्द्र, राजकुमार जांगिंग, बलजी शर्मा, आशु सिंह, घीसाराम, राजकुमार मूंड, राजपाल, सरजीत, अंकित, महेंद्र सैन, ग्यारसी देवी, गौवर्धन, मुकेश, प्रताप, बजरंगसिंह, विक्रम सिंह, शीशराम योगी इत्यादी गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

'अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा और सम्मान का संकल्प'

सीकर । अंत्योदय" केवल एक शब्द नहीं, वह दर्शन है जिसमें समाज के सबसे अंतिम और वंचित व्यक्ति की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता बन जाती है। इसी विचार को व्यवहार में बदलने की प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान सरकार ने पडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 का आयोजन शुरू किया है। राजस्थान के ग्रामीण परिदृश्य में 24 जून से 9 जुलाई तक चलने वाला यह अभियान न केवल सरकारी योजनाओं की घरातलीकृत क्रियान्वयन की यात्रा है बल्कि जनकल्याण की गूंज भी है। इन शिविरों में सरकार गाँवों को चौपालों तक पहुँच रही है और अंतिम व्यक्ति को उसकी गरिमा, उसके अधिकार लौटाने का प्रयास कर रही है।

सीकर जिले में जिला प्रशासन ने इस अभियान की व्यापक रूप से लागू करने के लिए अपनी प्रतिवद्धता जाहिर करते हुए समस्त तैयारियाँ समय से पूर्व पूर्ण कर ली है। पखवाड़े के दौरान शिविरों में आयोजित की जाने चाली समस्त गतिविधियों के क्रियान्वयन की निगरानी जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा स्वयं कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अभियान को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप जिले में सफल बनाने के लिए सक्रियता, पारदर्शिता और समर्पण के साथ जनहित में कार्य करें।

पखवाड़े का मूल उद्देश्य सेवा, सरलता और सरोकार: यह केवल एक पखवाड़ा नहीं बल्कि राज्य सरकार की जन सेवा को प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण है जिसमें जिला प्रशासन, विभिन्न विभाग और जमीनी तंत्र एकजुट होकर जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अन्त्योदय की परिकल्पना को जमीनी स्तर पर साकार करना इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य है। पखवाड़े के आयोजन की पूर्व तैयारियों के रूप में शिविर लगाने से पहले क्षेत्रीय सर्वेक्षण जरूरतमंदों की पहचान की गई हैं ताकि पखवाड़े के दौरान सरकार के 16 विभागों की विभिन्न बहुआयामी सेवाओं को आसानी से आम जन तक पहुँचाया जा सके।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जारी पखवाड़ा कार्यक्रम के अनुसार 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाए जाएंगे।

'सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की मुहिम में भूमिका निभाएं'

चूरू। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में महिला अधिकारिता व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि नशे व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की मुहिम में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाएं। महिलाएं परिवार व समाज की धुरी होती हैं। सामाजिक उन्नयन के लिए महिलाओं को नशामुक्त परिवार, समाज के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि नशा आज समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। युवाओं को इसके चंगुल से बाहर निकालना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि युवाओं व समाज में व्याप्त नशा चिंतन का विषय है। युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आने से उनके स्वास्थ्य व हमारी सामाजिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास बाधित हो रहा है।

महिला अधिकारिता व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ।

हमें इन विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शराब व तम्बाकू आदि प्रचलित नशे भी सामाजिक कुरीति हैं। परिवेश में नशे की जद में आए लोगों को आइडेंटिफाई करते हुए उन्हें नशामुक्ति केन्द्रों आदि से जोड़ें ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी निष्ठा के साथ नशा उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, जनसंचार और सामाजिक संगठनों के माध्यम से हम जन-जन तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, कि नशा जीवन को बर्बाद करता है।

मदद की मांग को लेकर एसई को सौंपा ज्ञापन

झुंझुन। जिला मुख्यालय पर 24 जून को अंसारी कालोनी में 13 वर्षीय बच्चा बुरी तरह 33 केवी लाइन से झुलस गया था। मुस्लिम न्याय मंच की टीम बच्चे से मिलने बीडीके हॉस्पिटल गई और उसका हाल जाना मंच के अध्यक्ष इमरान बड़गुर्जर ने बताया कि पीड़ित परिवार को मंच की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई और झुंझुनूं अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर गरीब परिवार को सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की गई और बताया कि आगे बरसात का मौसम है। झुंझुनूं शहर में लोहे के पोल लगे हुए हैं। उनको भी सुरक्षित किया जाए। क्योंकि बारिश के मौसम में उनमें करंट दौड़ता है। मंच से सह सचिव इश्तियाक कुरैशी ने बताया कि बिजली विभाग को पहले भी लिखित में ज्ञापन दिया गया था। क्योंकि अंसारी कालोनी में बिजली के तार बहुत नीचे है और ढीले तारों को सही किया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना घटित न हो अधीक्षण अभियंता ने मंच को आश्वस्त किया कि गरीब परिवार की मुआवजा दिलाकर मदद की जाएगी।

पाबूसर शिविर में ग्रामीणजन हुए लाभान्वित

रतनगढ़। तहसील के ग्राम पंचायत पाबूसर में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन किया गया। सरपंच उषा कंवर की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, बीडीओ जगदीश प्रसाद व्यास, नायब तहसीलदार मुरारी लाल, एडीओ लक्ष्मी नारायण सैनी, वीडिओ हिम्मत सिंह, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल सिंह, मांगीलाल, मुरारीलाल, सुरेंद्र जांगिड सहित सभी विभागों के अधिकारीयों ने नामांतरण, रास्तों के विवाद, आपसी बंटवारा, पट्टा वितरण आदि अन्य समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। शिविर में 5 राजस्व के मामले, 22 स्वामित्व पार्सल पट्टे वितरित किए गए।

तरुण सागर महाराज का 58 वां जन्मदिन मनाया

सीकर। कड़वे प्रवचनों के लिए मशहूर राष्ट्र संत तरुण सागर महाराज का 58 वां जन्मदिन गुरुवार को सीकर में जयपुर रोड़ स्थित - खिचडो के बास पेड़ पौधे लगाकर मनाया । इस दौरान रेनू आयुषी दीवान , सीमा दीवान, अनिता, इंदु, आयुषी दीवान संतोष विनायक्या, आलोक काला,जुगल काला,करण सिंह शेखावत, प्रियंक गंगवाल,नवरत्न छाबड़ा, आदि उपस्थित थे गुरुदेव का जयकारा लगा कर तरुण सागर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और आरती की । समाधिस्थ मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज के प्रवचनों में कड़वे वचन धर्मप्रेमी श्रावक-श्राविकाओं को आंदोलित करने वाले होते थे। उनकी वाणी आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनके प्रवचन की विशिष्ट शैली ने उन्हें पूरे विश्व में प्रसिद्धि दिलाई थी। उन्हीं की एक कविता आदमी की औकात जीव को जीवन के यथार्थ से परिचित करवाती है। प्रियंक जैन ने बताया कि तरुण सागर जी महाराज द्वारा कहा गया है की नश्वरता का जिक्र करते हुए मुस्कुराते रहे। यहां रोते हुए नहीं, हंसते हुए आना चाहिए।

तरुण सागर महाराज का 58 वां जन्मदिन गुरुवार को सीकर में जयपुर रोड़ स्थित - खिचडो के बास पेड़ पौधे लगाकर मनाया ।

झोथडा एंव बांय ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया

शिविर का निरीक्षण करते एसडीएम राजेंद्र कुमार व भाजपा नेता राकेश जांगिड़।

तारानगर। तारानगर के भाजपा नेता राकेश जांगिड़ एवं उपखंड़ अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत चंगोई, झोथडा एंव बांय ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।अधिकारियों को सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र ग्रामीणों को जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। उन्होंने बताया कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि 9 जुलाई तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से नामांतरण, पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन, पोषण किट वितरण, जल संरचना की मरम्मत सहित अन्य विभागों से जुड़े विभिन्न कार्य करवाए जा सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने व अन्य ग्रामजन को जागरूक करने का आव्हान किया।

विक्रम शर्मा ने किया राजलदेसर कस्बे का नाम रोशन

राजलदेसर। राजलदेसर के भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता एवं कस्बे के अनेकों सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए सामाजिक कार्यकर्ता गौ भक्त विक्रम शर्मा को 19वीं बार भारतीय जीवन बीमा में एमडीआरटी हासिल करने पर पूरे कस्बे में खुशी की लहर छाई हुई है । वही उनके निवास स्थान राजलदेसर में उत्कृष्ट कार्य करने पर भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंधक विक्रय अशोक पंचारिया, कार्यालय भारतीय जीवन बीमा निगम बीकानेर इदरीश भाटी, प्रशासनिक अधिकारी मंडल बीकानेर राकेश मीणा, शाखा प्रबंधक कार्यालय रतनगढ़ सहायक शाखा प्रबंधक विकास ,राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश सैनी, सेवानिवृत्त आयुर्वेद अधिकारी हंसराज शर्मा आदि के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर अशोक पंचारिया ने कहा कि ऐसे माता-पिता को प्रणाम करता हूं जिनके संतान उनके बताए हुए मार्ग पर चलती है उनके आशीर्वाद से ही विक्रम शर्मा ने लगातार भारतीय जीवन बीमा में शानदार कार्य करते आ रहे हैं ।इनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है । निगम के प्रशासनिक अधिकारी इदरीश भाटी ने कहा कोई भी कार्य करने में माता-पिता का आशीर्वाद के बिना कुछ भी नहीं होता विक्रम शर्मा के पिता हंसराज शर्मा के द्वारा जो इनको गाइडलाइन मिली है ।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- न.पा.बी./भूमि शाखा/2025/859 दिनांक :- 25.06.2025

लोक सूचना

नगरपालिका बीदासर पैराफैरी क्षैत्र की कृषि भूमि से आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु प्राप्त हो चूकी है अथवा जिनके ले-आउट प्लान स्वीकृत है जिसमें निजी खाताधारक/क्रेताओं के द्वारा राज्य सरकार के आदेशों के अनुरूप कृषि भूमि को आवासीय नियमन हेतु आवेदन किया है इस भूमि को भू-राजस्व अधिनियम की धारा 90 ए के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन अनुसार अथवा सुओ-मोटो मानकर कार्यवाही सम्पादित कर नगरपालिका में पुर्नग्राहित की जानी है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

क्रं. सं.	आवेदक/खाताधारक का नाम	खसरा नं. /स्थान	भूमि का क्षैत्रफल	प्रयोजन
1.	श्री तिलोकाराम पुत्र श्री सुरजाराम जाति मेघवाल	1545	1.5176 हेक्टेयर	कृषि से गैर-कृषिक आवासीय
2.	श्री पूनाराम पुत्र श्री सुरजाराम जाति मेघवाल	2016/1526	2.0866 हैक्टेयर	कृषि से गैर-कृषिक आवासीय

अतः उपरोक्त खसरो से सबंधित खातेदारान/अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त भूमि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वेवत प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस लोक सूचना प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और कार्यालय मुद्रा से आज दिनांक को जारी किया गया।

राज.संवाद/सी/25/5105 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक - एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./भू/2025/ दिनांकः 26/06/2025

आपति सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरण पत्नी श्री ललित कुमार जाति अरोड़ा साकिन रावतसर जिला हनुमानगढ़, ने आवेदन कर अपने खरीदशुदा आवासीय भूखण्ड साईज 129.36 वर्गमीटर का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। मूल पट्टा नगर पालिका रावतसर द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री रेवन्तराम के नाम से दिनांक 21.06.2023 साईज 129.36 वर्गमीटर का जारीशुदा है। श्री राजेन्द्र कुमार ने जरिये उपपंजीयक से पंजीकृत बैयनामा दिनांक 10.08.2023 को उक्त भूखण्ड श्रीमती किरण पत्नी श्री ललित कुमार जाति अरोड़ा साकिन रावतसर जिला हनुमानगढ़ को बेचान कर दिया। अतः अपने खरीदशुदा भूखण्ड का नामान्तरण प्राधीया पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। अतः अपने आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपति एवं ऐतराज हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नही होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक - न.पा.रा./भू/2025/ दिनांकः 26/06/2025

आपति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार पुत्र श्री भगवानदास जाति सिन्धी निवासी वार्ड नं. 11 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने दस्तावरदारी से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 373.33 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री देवराज पुत्र श्री निहालचन्द के नाम से साईज 373.33 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री देवराज ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा द्वारा श्री भगवानदास पुत्र श्री मूलचन्द को बेचान कर दिया जिनकी मृत्यु दिनांक 13.09.2020 द्वारा हो चुकी है जिनके जायज वारिस श्रीमती जानकी देवी पति भगवानदास, हरीश, पुजा, उषा, कारिया, सुनील पुत्र-पुत्रीयां भगवानदास, ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत दस्तावरदारी दिनांक 30.03.2020 द्वारा उक्त भूखण्ड श्री सुनील कुमार पुत्र श्री भगवानदास के पक्ष में हक त्याग कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

(रजनीश चौधरी)
अधिशाषी अधिकारी

रजिस्ट्री सं.डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D.L.- 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी. डी.एल.-अ.-13052025-263060
CG-DL-E-13052025-263060
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)
PART II--Section 3--Sub-section(ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2066)
No. 2066)

नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 9, 2025/ वैशाख 19, 1947
NEW DELHI, FRIDAY, MAY 9, 2025/VAISAKHA 19, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली 9 मई 2025

का.आ. 2111-E (अ)- केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा उक की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ 1008-E तारीख 27 February 2025, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग , खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा राजस्थान राज्य के चूरू चूरू जिले के गाँव क़स्बा राजगढ़, तालुक-राजगढ़ मे राष्ट्रीय राजमार्ग -709 एक्सटेंशन के कि.मी. 1.00 पर (आर. ओ.बी. लेवल क्रोसिंग ए-142 पर सादुलपुर रेल्वे स्टेशन के पास) तक के भूखण्ड के निर्माण (चोड़ाईकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थीः

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा उक की उपधारा (3) के अधीन तारीख 20 मार्च 2025 को राष्ट्रदूत और जयपुर टाईम्स दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्